अनु-1 (68)

बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–21 / 2022.1543 **पटना, दिनांक:–** 16/02/2023

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, नालंदा के पत्रांक 315–। दिनांक 18.08.2022 द्वारा श्री कुन्दन कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04259) के विरूद्ध 03 माह से इनको आवंटित किसी भी मौजे में कोई प्रगति नहीं होने एवं कार्यालय को गुमराह करने के लिए गलत प्रतिवेदन समर्पित करने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए आरोप पत्र गठित कर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गया है।

प्राप्त आरोप पत्र के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 2880 दिनांक 14.10.2022 द्वारा आरोपित से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है।

आरोपित द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किए जाने की स्थिति में निदेशालय मुख्यालय स्तर पर नालंदा जिला के लिए नामित्त नोडल पदाधिकारी का मंतव्य प्राप्त किया गया है। नोडल पदाधिकारी द्वारा इनका कार्य संतोषप्रद नहीं बताया गया है।

आरोपित के विरूद्ध प्राप्त आरोप एवं नोडल पदाधिकारी का मंतव्य तथा संचिका में रक्षित अभिलेखों का अवलोकन किया गया। अवलोकनोपरांत यह पाया गया कि आरोपित पर सर्वेक्षण कार्य में विलंब करने का आरोप है एवं नोडल पदाधिकारी द्वारा भी आरोपित का कार्य संतोषप्रद नहीं बताया गया है। परन्तु नैसर्गिक न्याय के तहत आरोपित को एक अवसर प्रदान करते हुए दण्ड स्वरूप इनके मानदेय में से 01 माह के मानदेय की कटोती का दण्ड अधिरोपित करते हुए श्री कुन्दन कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04259) को यह चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में गलती की पुर्नावृति होने पर सेवा समाप्त कर दिया जाएगा।

(जय सिंह) 16/2/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–21 / 2022.1543 **पटना, दिनांक** :– 16/02/2023

प्रतिलिपि :– श्री कुन्दन कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN 04259) बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेशित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–21 / 2022.1543 **पटना, दिनांक** :– 16/02/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेशित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–21 / 2022.1543 **पटना, दिनांक** :– 16/02/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरीता कुमारी, प्रोग्रामर को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेशित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप